प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

इस चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत सभी विभागाध्यक्ष एवं चिकित्सको/ शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि एम0सी0आई0, नई दिल्ली के निर्देशानुसार यहाँ Biometric Machine द्वारा उपस्थिति दर्ज करने हेतु आवश्यक स्थानों पर Biometric Machine set up किया जा चुका है तथा आज दिनांक – 26.04.2018 से Biometric Machine द्वारा उपस्थिति दर्ज करना प्रारम्भ हो चुका है, जिसके अन्तर्गत आप सभी पदाधिकारियों (सिनियर रेजिडेन्ट/जूनियर रेजिडेन्ट को छोड़कर) का उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है ।

अतएव आप सभी पदाधिकारियों (प्राध्यापक/सह–प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक /ट्यूटर) को निर्देश दिया जाता है कि दिनांक–27.04.18 से आप सभी इस चिकित्सा महाविद्यालय में Biometric Machine द्वारा ससमय अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए ।

विदित हो कि उक्त के मद्वेनजर सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी अपने स्तर से यह निदेशित करना सुनिश्चित करेंगे कि विभाग/कार्यालय ससमय खोला जाए, ताकि Biometric Machine द्वारा उपस्थिति दर्ज करने में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नही होने पाए ।

ज्ञात हो कि जिन चिकित्सको/शिक्षको का Biometric Machine द्वारा उपस्थिति दर्ज हेतु Registration कराना शेष रह गया है अथवा जो नये चिकित्सक/शिक्षक योगदान किए हैं, तब तक वे भौतिक रूप से संबंधित विभाग में पूर्व की भाँति अपना उपस्थिति दर्ज करते रहेंगे एवं विभागाध्यक्ष के माध्यम से रजिस्टर को प्राचार्य कार्यालय में भेजते रहेंगे, जब तक कि उनका Biometric Registration नही हो जाता है । उसी प्रकार सिनियर रेजिडेन्ट/ जूनियर रेजिडेन्ट भी भौतिक रूप से संबंधित विभाग में पूर्व की भाँति अपना उपस्थिति दर्ज करते रहेंगे एवं विभागाध्यक्ष के माध्यम से रजिस्टर को प्राचार्य कार्यालय में भेजते रहेंगे ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1145/18 दिनांकः– 27-04-18

प्रतिलिपिः–1) डॉ0 रीना नैय्यर, सचिव (प्रभारी), मेंडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया, पॉकेट–14, सेक्टर –8, द्वारका फेस–1, नई दिल्ली – 110077 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

3) सभी विभागाध्यक्ष/चिकित्सक/शिक्षक/सिनियर रेजिडेन्ट/जूनियर रेजिडेन्ट, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5) डॉ0 मनोज कुमार, सह–प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पैथोलौजी विभाग–सह– नोडल पदाधिकारी (For Biometric, MCI), श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6) सभी कर्मचारी, प्राचार्य कार्यालय/सभी विभाग, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेशित कि आप सभी ससमय अपने–अपने विभाग/कार्यालय में अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे ।

27/4/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर